दिनांक 22 मई 2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

बारिश पूर्व नाला सफाई को लेकर विभिन्न क्षेत्रों का निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने किया निरीक्षण, मॉर्निंग विजिट में सफाई व्यवस्था देखने भी पहुंचे

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त प्रकाश सर्वे ने आज नाला सफाई को लेकर विभिन्न क्षेत्रों का धुआंधार दौरा किया। जिन क्षेत्रों में बारिश के वजह से जलभराव की समस्या होती है उन क्षेत्रों के बड़े नालों को प्राथमिकता क्रम पर सफाई कराई जा रही है। इंदु आईटी के समीप स्थित नाला का निरीक्षण आयुक्त ने किया। नाला का कचरा निकाल कर इसका चौड़ीकरण किया जा रहा है आयुक्त ने पुल के नीचे के मलबे को हटाकर विस्तृत सफाई करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने बीएसपी क्षेत्र के नाले का भी निरीक्षण किया , जलकुंभी की वजह से नाला का यह पानी माइलस्टोन स्कूल के समीप स्थित पूल में जमा होकर बारिश के दिनों में जाम हो जाता है। आयुक्त ने बीएसपी प्रबंधन को नाला सफाई के लिए पत्र जारी करने के निर्देश दिए है , ताकि अभी से जलकुंभी को हटाकर विस्तृत सफाई हो जाए और बारिश के दिनों में अनावश्यक परेशानियां न उठाना पड़े और रुकावट की स्थिति नाला में न हो। उल्लेखनिय है कि महापौर नीरज पाल ने बारिश से पूर्व सभी बड़े नालों और छोटे नालियों की सफाई करवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हुए हैं। इसी तारतम्य में नालों की सफाई बारिश पूर्व की जा रही है। आज के निरीक्षण के दौरान प्रमुख रूप से स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा मौके पर मौजूद रहे। सफाई व्यवस्था का लिया फीडबैक निगमायुक्त ने सूर्या मॉल के सामने मुख्य सड़क एवं डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का जायजा लिया तथा मांस , मटन का विक्रय करने वाले दुकानदारों से सफाई को लेकर फीडबैक लिया। दुकानदारों ने बताया कि नियमित रूप से सफाई की जाती है। प्रतिदिन स्वास्थ्य कर्मी सफाई करके सड़कों को स्वच्छ रखते हैं। वहीं निगमायुक्त बीएसपी के सेक्टर 8 पहुंचे वहां पर कुछ स्थानों पर उन्होंने कचरा जमा देखा इस पर उन्होंने सफाई करवाने के निर्देश मौके पर अधिकारियों को दिए। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे प्रतिदिन मॉर्निंग विजिट में सफाई एवं पेयजल व्यवस्था की जानकारी लेने वार्ड क्षेत्रों में भ्रमण कर रहे हैं और जहां पर भी समस्याएं परिलक्षित होती है उसके निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश देकर समाधान कर रहे हैं।